Mynettv
30 August at 08:08 ·

डिजिटल समाचार 30-08-2024/7

निष्पक्ष, निर्भीक, निश्छल

डिजिटल समाचार

Friday, 30-08-2024 mynettv. online

धामी कॉलेज में बिजली संरक्षण जागरूकता अभियान के तहत बच्चों को जागरूक करते विभागीय अधिकारी

धामी कॉलेज में बच्चो को दिए बिजली संरक्षण की टिप्स

महेन्द्र कुमार, सुन्नी 30 अगस्त : राजकीय महाविद्यालय धामी सोलह मील मे वाणिज्य विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना और हिमाचल प्रदेश बिजली विभाग के सौजन्य से बिजली संरक्षण जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बिजली विभाग के अतिरिक्त निर्देशक सह सलाहकार अनुराग कश्यप ने विद्यार्थियो को बिजली बचत के अनेक उपाय बताए । उन्होंने बताया की बिजली की बचत के लिए घरों में एलईडी बल्ब का इस्तेमाल करें ,घर पर सोलर एनर्जी लगवाए तथा बिजली लीकेज की नियमित रूप से जांच करवानी अतिआवश्यक है । उन्होंने बताया की घरों में बिजली इस्तेमाल न होने पर स्विच बंद रखें । उन्होंने बताया की आमतौर पर बिजली से करंट लगने की घटना होती रहती हैं । करंट से बचने के लिए गीले हाथों से स्विच बंद न करें और चालू न करे, चप्पल पहनकर ही स्विच चालू करे, घर में अर्थिंग कराएं। उन्होंने बिजली विभाग टोल फ्री नम्बर 1912 सम्बन्धित जानकारी भी विद्यार्थियो को दी। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ जनेश कपूर ने विद्यार्थियो से अनुरोध किया बिजली की बचत करे और आज प्राप्त की जानकारी को अपने तक न रखते हुए दूसरे

धामी कॉलेज में बताए बिजली बचाने के उपाय

शिमला। राजकीय महाविद्यालय धामी में शुक्रवार को वाणिज्य विभाग और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने विद्युत बोर्ड के सहयोग से छात्र-छात्राओं को बिजली बचाने बारे जानकारी दी। विद्युत बोर्ड के अतिरिक्त निदेशक एवं सह सलाहकार अनुराग पराशर ने छात्र छात्राओं को बताया कि छात्र-छात्राओं को बिजली बचाने बारे जानकारी दी। कहा कि घरों में एलईडी बल्ब का उपयोग करें, सौर ऊर्जा प्लांट लगाएं और समय समय पर लाइन की जांच करवाएं तथा उपयोग न होने पर बल्ब को बंद रखें। गीले हाथों से स्विच ऑन ऑफ न करें, पैर में प्लास्टिक या रबड़ की चप्पल पहनकर ही बिजली का कार्य करें। बिजली से संबंधित समस्याओं को लेकर टोल फ्री नंबर पर 1912 पर शिकायत दर्ज करवाएं। इस मौके पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. जनेश कपूर, वाणिज्य विभाग की शिक्षिका डॉ. कविता कुमरा, एसडीओ जगदीश भारद्वाज, कनिष्ठ अभियंता दीपक, वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष डॉ. विक्रांत संकलानी, डॉ. गौरव मौजूद रहे। ब्यूरो

हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड लिमिटेड ने किया जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

जगमार्ग न्यूज

शिमला। हिमाचल प्रदेश स्टेट ईलेक्ट्रिसिटी बोर्ड द्वारा आज-कल प्रदेश भर में जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को सुन्नी विद्युत मंडल के अतर्गत राजकीय महाविद्यालय धामी (16 मील) में पब्लिक इंट्रेक्शन कार्यक्रम के तहत जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बोर्ड के सलाहकार अनुराग पराशर ने जानकारी देते हुए कहा कि विद्युत आपूर्ति में किसी तरह की रुकावट आने की दिशा में बोर्ड के टोल फ्री न. 1800-180-8060 या 1912 पर भी सम्पर्क किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विद्युत बचत न केवल उपभोक्ताओं के लिए बल्कि बोर्ड के लिए भी लाभप्रद है। उन्होंने विद्युत सुरक्षा में नियामक आयोग द्वारा विद्युत सुरक्षा रेगुलेशन्स पर भी चर्चा की गई। उन्होंने नए विद्युत कनैक्शन जारी करने, अतिरिक्त विद्युत भार, अस्थायी विद्युत कनैक्शन, विद्युत मीटर के स्थानानतरण, विद्युत बिलों के भुगतान के लिए ऑल लाईन व अन्य सुविधाओं की जानकारी, ई-वाहन का प्रचलन, अग्रीम विद्युत भुगतान, विद्युत टैरिफ, आईडीसी चार्जेज बारे विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने उपभोक्ताओं को बिजली के अनाधिकृत प्रयोग और चोरी पर विभिन्न प्रकार की सजाओं के प्रावधान के बारे में भी जानकारी दी।

धामी कालेज में करंट लगने पर बचाव के बताए तरीके

शिमला। हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड द्वारा आजकल प्रदेशभर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को सुन्नी विद्युत मंडल के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय धामी (16 मील) में पब्लिक इंट्रेक्शन कार्यक्रम के तहत जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कालेज के प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बोर्ड के सलाहकार अनुराग पराशर ने कहा कि विद्युत आपूर्ति में किसी तरह की रुकावट आने की दिशा में बोर्ड के टोल फ्री नंबर 1800-180-8060 या 1912 पर भी संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विद्युत बचत न केवल उपभोक्ताओं के लिए बल्कि बोर्ड के लिए भी लाभप्रद है। उन्होंने नए विद्युत कनेक्शन जारी करने, अतिरिक्त विद्युत भार, अस्थायी विद्युत कनेक्शन, विद्युत मीटर के स्थानांतरण, विद्युत बिलों के भुगतान के लिए ऑललाइन व अन्य सुविधाओं की जानकारी, ई-वाहन का प्रचलन, अग्रिम विद्युत भुगतान, विद्युत टैरिफ, आईडीसी चार्जेज के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने तकनीकी तौर पर विद्युत करंट, रजिसटेंस तथा अर्थिंग के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की। उन्होंने करंट लगने की दिशा में बचाव के तरीकों की जानकारी दी